*This question paper contains 6 printed pages.*

**7894** Your Roll No. ......................

**LL.B. / V Term ES**

Paper LB-501 : CIVIL PROCEDURE

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी:—** *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Attempt briefly any *four* of the following:

(a) Foreign judgement when binding

(b) Mesne profits

(c) Difference between order, decree and judgement

(d) Notice under S. 80 of CPC

(e) Difference between Reference and Appeal.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए:

(a) विदेशी निर्णय जब बाध्यकर हो

(b) अन्तःकालीन लाभ

(c) आदेश, डिक्री और निर्णय के बीच अन्तर

(d) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के अधीन नोटिस

(e) निर्देश और अपील के बीच भिन्नता।

2. (a) What kinds of suits do courts have jurisdiction to try? Explain with the help of principles of *Res sub-judice* and *Res judicata*. Support your answer with the help of relevant statutory provisions and case law.

न्यायालयों के पास किस प्रकार के वादों के विचारण करने की अधिकारिता है? *Res subjudice* और *Res judicata* के सिद्धान्तों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। अपने उत्तर को सुसंगत कानूनी उपबंधों और निर्णय विधि से पुष्ट कीजिए।

(b) State the difference between constructive *res judicata* and Order II Rule 2 of C.P.C.

आन्वयिक पूर्वन्याय और सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश II नियम 2 के बीच भिन्नता का उल्लेख कीजिए।

3. (a) State the provisions which govern the place of suing in following situations:

(i) *X* residing in Panipat publishes defamatory statement against *Y* in Delhi.

(ii) *A*, *B* and *C* jointly took a loan from *D* at Varanasi on a promissory note. *D* lives in Lucknow, *A*, *B* and *C* reside in Faizabad, Varanasi and Kanpur respectively.

उन उपबंधों का उल्लेख कीजिए जो निम्नलिखित स्थितियों में वादकार्य को अधिशासित करते हैं:

(i) पानीपत में रह रहा *X* दिल्ली में *Y* के विरुद्ध मानहानिकर बयान प्रकाशित करता है।

(ii) *A*, *B* और *C* ने संयुक्त रूप से *D* से वाराणसी में एक वचन-पत्र पर ऋण लिया। *D* लखनऊ में रहता है। *A*, *B* और *C* क्रमश: फैजाबाद, वाराणसी और कानपुर में रहते हैं।

(b) Write short notes on:

(i) Power of the Supreme Court to transfer suits U/S 25 of C.P.C

(ii) ADR as a mode of settlement.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(i) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 25 के अधीन वादों को अन्तरित करने की उच्चतम न्यायालय की शक्तियाँ

(ii) निपटारा की एक प्रविधि के रूप में ADR।

4. (a) Discuss the provisions relating to production of additional evidence in appellate court. What are the grounds to go in for second appeal?

अपीलीय न्यायालय में अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने सम्बन्धी उपबंधों का विवेचन कीजिए। द्वितीय अपील हेतु क्या आधार होते हैं?

(b) Bring out essential ingredients of Review and Revision.

पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण के आवश्यक अवयवों का उल्लेख कीजिए।

5. (a) What are the salient features of 'Summary Procedure' as contained in Order 37 of Civil Procedure Code?

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 37 में यथा उल्लिखित 'संक्षिप्त प्रक्रिया' की क्या प्रमुख विशेषताएँ हैं?

(b) Attempt briefly any *two*:

(i) Saving of inherent powers of court

(ii) Rejection of plaint

(iii) *Res judicata* between co-defendants.

किन्हीं **दो** के उत्तर संक्षेप में लिखिए:

(i) न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियों की व्यावृति

(ii) वादपत्र की अस्वीकृति

(iii) सह-प्रतिवादियों के बीच पूर्वन्याय।

6. Can a court allow amendment of a plaint just before pronouncement of judgement? Critically examine the

scope and stage of amendment of pleadings with the help of decided cases.

क्या कोई न्यायालय निर्णय की उद्घोषणा के ठीक पहले वादपत्र के संशोधन की अनुमति दे सकता है? विनिश्चित केसों की सहायता से अभिवचनों के संशोधन की परिव्याप्ति तथा अवस्था की समीक्षात्मक जांच कीजिए।

7. *A* files an election petition against *B* challenging the election of *B* before Election Tribunal. After due service of summons, *B* files his counter and remains absent. The Tribunal conducts the proceedings *ex-parte* and allows the evidence of the petitioner and three of his witnesses. *B* appears before the Tribunal and seeks the permission to participate in the proceedings and to set the clock back. Decide with the provisions of statutory and case law. What is the procedure, if on the other hand, *A* does not appear on the date of first hearing and *B* does appear?

*A* ने निर्वाचन अधिकरण के सम्मुख *B* के निर्वाचन को आक्षेपित करते हुये *B* के विरुद्ध निर्वाचन याचिका फाइल की। समनों की विधिवत तामील के बाद *B* ने प्रत्युत्तर फाइल किया और गैर-हाजिर रहा। अधिकरण ने एकपक्षीय कार्यवाही चलाई और याचिकाकर्ता तथा उसके तीन साक्षियों के साक्ष्य की अनुमति दी। *B* अधिकरण के सम्मुख उपस्थित हुआ और उसने कार्यवाहियों में भाग लेने की तथा घड़ी की सुई को पीछे की ओर मोड़ने की अनुमति चाही। संविधि और निर्णय विधि के उपबंधों की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

यदि दूसरी ओर *A* प्रथम सुनवाई की तारीख़ को हाजिर नहीं होता है तथा *B* हाजिर होता है, तब इसकी क्या प्रक्रिया है ?

8. (a) When can a temporary injunction be granted by a Civil Court?

सिविल न्यायालय द्वारा अस्थायी व्यादेश कब मंजूर किया जा सकता है ?

(b) Is the bar to proceed with the trial of subsequently instituted suit, contained in Sec. 10 of C.P.C., applicable to summary suit filed under Order 37 of C.P.C.? Give reasons and cite the case law.

क्या सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 10 उल्लिखित पश्चातवर्ती संस्थित वाद के विचारण की कार्यवाही पर वर्जन सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 37 के अधीन फाइल किये गये संक्षिप्त वाद पर लागू होती है? तर्क प्रस्तुत कीजिए और निर्णय विधि का हवाला दीजिए।